कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (म.क.) करियप्पा मार्ग, लखनऊ छावनी -02

Office of the Principal Controller of Defence Accounts (CC) Cariappa Road, Lucknow Cantt -02

सं. प्रशा /1025/ हिं.क./ पखवाड़ा /2017 दिनांक: 07 .08.2017

सेवा में,

संगठन के सभी अधीनस्थ कार्यालय

विषय: हिंदी दिवस / हिंदी पखवाड़ा का आयोजन: वर्ष 2017 ।

रक्षा लेखा विभाग के कर्मचारियों में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता तथा उसके उत्तरोत्तर प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष हिंदी दिवस / हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाता रहा है । गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी सितंबर माह में हिंदी पखवाड़े के आयोजन के साथ 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाना है ।

उपर्युक्त आयोजन हेतु प्रत्येक स्टेशन पर संगठन के अधीन कार्यरत उपकार्यालयों में से एक कार्यालय को **नोडल** कार्यालय के रूप में चिह्नित किया गया है । सभी उपकार्यालयों से अनुरोध है कि उस स्टेशन पर स्थित नोडल कार्यालयों के साथ मिलकर हिंदी दिवस / पखवाड़े का आयोजन करें एवं इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएं और इसमें सम्मिलित होने के लिए अधिकाधिक कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाए ।

प्रत्येक स्टेशन पर स्थित नोडल कार्यालयों को स्वीकृत किए गए धनराशि की सूचना तथा प्रतियोगिताओं हेतु अन्य निर्देश अलग से प्रेषित किए जा रहे हैं ।

क्रम संख्या	स्टेशन	नोडल कार्यालय
1	इलाहाबाद	क्षेत्रीय लेखा कार्यालय ,1 अ अशोक मार्ग, इलाहाबाद छावनी
2	कानपुर	क्षेत्रीय लेखा कार्यालय,कानपुर छावनी-04
3	फतेहगढ़	वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे.) आर.आर.सी. फतेहगढ़ छावनी
4	वाराणसी	वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे.) 39 जी टी सी वाराणसी
5	झाँसी	स्थानीय लेखा परीक्षा कार्यालय (सैन्य) झांसी
6	बबीना	स्थानीय लेखा परीक्षा कार्यालय (सैन्य) बबीना
7	फैजाबाद	वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे.) डी आर सी , फैजाबाद
8	गोरखपुर	सहायक लेखाधिकारी,दुर्ग अभियंता(वा.से), गोरखपुर
9	लखनऊ	रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (म.क.) लखनऊ

कृपया पखवाड़े के समापन पर एक विस्तृत रिपोर्ट (लखनऊ स्टेशन के कार्यालय को छोड़कर) मुख्य कार्यालय, लखनऊ को प्रेषित की जाए ।

व. लेखा अधिकारी